**दिनेश कुमार भा.प्र.से., आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक 24.07.2026 (शुक्रवार) को 3:30 बजे अपराह्न में VC के माध्यम से आयोजित बाढ़-सुखाड़ से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-**

सर्वप्रथम प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त/ अपर समाहर्त्ता (आपदा प्रबंधन), पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज का स्वागत किया गया। तदोपरांत जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी :-

1. **नाव की संख्या :-**

| क्र0सं0 | जिला का नाम | उपलब्ध सरकारी नाव की संख्या | उपलब्ध नीजी नाव की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 22 | 73 | |
| 2 | कटिहार | 197 | 317 | |
| 3 | अररिया | 98 | -- | |
| 4 | किशनगंज | 06 | 33 | |

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रमंडल अन्तर्गत जिलों के लिए नावों के भाड़ा निर्धारण कर लिया गया है।

सभी जिलों को पूर्व के बकाये राशि, यदि कोई हो तो, का भुगतान नियमानुसार सुनिश्चित करने तथा सभी नावों के सुरक्षा मानकों का नियमानुसार जाँच कराकर संतुष्ट होने का निदेश दिया गया।

2. **मानव एवं पशु दवा की उपलब्धता :-**

| क्र0 | जिला का नाम | उपलब्ध मानव दवा | उपलब्ध पशु दवा | ब्लीचिंग पाउडर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूणिया | 67 | 42 | 25 कि0ग्रा0 का 172 बैग |
| 2 | कटिहार | 61 | 44 | 25 कि0ग्रा0 का 381 बैग |
| 3 | अररिया | 23 | 44 | 3000 कि0ग्रा0 |
| 4 | किशनगंज | 31 | 44 | 54 बैग |

समीक्षोपरान्त यह निदेश दिया गया कि सभी जिले मानव दवा एवं पशु दवा की विभाग द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ससमय पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध रखना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस, चलंत मेडिकल टीम, मेडिकल कैम्प एवं ब्लीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सर्पदंश के ईलाज के लिए एंटी स्नेक वेनम सहित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया गया।

3. **सूखा राशन का दर निर्धारण :-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रमंडल अन्तर्गत चारों जिले में निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है।

4. **पॉलीथीन शीट्स की उपलब्धता :-**

| क्र0 | जिला का नाम | पॉलीथीन शीट्स की उपलब्धता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 22765 | पूर्णिया प्रमंडल, से टैग जिलों के द्वारा निम्न प्रकार पॉलिथीन शीट्स की अधियाचना की गई है।<br>कटिहार-73,400 अररिया-10000 किशनगंज-6000 कटिहार जिला को पॉलीथीन शीटस आपूर्ति करने हेतु पत्रांक-1126/ आ0प्र0 दिनांक-19.06.2026 के द्वारा एवं अररिया तथा किशनगंज जिलों को पत्रांक-1181/आ0प्र0 दिनांक-27.06.2026 के द्वारा आपूति आदेश निर्गत की गई है। उपरोक्त आपूर्ति आदेश के आलोक में कटिहार जिला में 48000, अररिया जिला में 3685 एवं किशनगंज जिला में 5900 पॉलीथीन शीट्स उपलब्ध कराया जा चूका है, शेष पॉलीथीन शीट्स की आपूति आपूर्तिकर्ता द्वारा की जा रही है। |
| 2 | कटिहार | 96879 | |
| 3 | अररिया | 44475 | |
| 4 | किशनगंज | 7904 | |

समीक्षोपरान्त नोडल जिला पूर्णिया को आवश्यकतानुसार पॉलीथीन शीट्स संबंधित तीनों जिले को मांग के आधार पर उपलब्ध कराने एवं साथ ही सभी जिलों को आवश्यकतानुसार टेंट, पंडाल, खाद्य सामग्री आदि की व्ययवस्था कर लिये जाने का निदेश दिया गया।

5. **जी.आर. सूची :-**

| क्र0 | जिला का नाम | लाभार्थी की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 298766 | कल लाभुकों की सं0-298766,<br>Aadhaar Seeded लाभुक की सं0-298325 |
| 2 | कटिहार | 592499 | कुल लाभार्थी की सं0-5,92,499<br>New Entry-5692, Deletion-3131, Update- 167<br>Aadhaar Not Seeded 3455 |
| 3 | अररिया | 351268 | नयी प्रविष्टि-3570<br>डिलिट किया गया- 3439 अपडेट किया गया-130 |
| 4 | किशनगंज | 178067 | किशनगंज में कुल 178067 जी0आर0 सूची लॉक है। इस साल नए जोड़ गये परिवारों की सं0-711 नए हटाये गये परिवारों की सं0-394 |

समीक्षा के क्रम में चारों जिलों द्वारा जी0आर0 सूची अद्यतन एवं सत्यापन कर लिये जाने की जानकारी दी गयी।

6. **बाढ़ आश्रय स्थल :-**

| क्र0 | जिला का नाम | बाढ़ आश्रय स्थल | पशु आश्रय स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 344 | 65 |
| 2 | कटिहार | 417 | 61 |
| 3 | अररिया | 363 | 31 |
| 4 | किशनगंज | 220 | 39 |

सभी जिलों को निदेश दिया गया कि उक्त आश्रय स्थलों में स्वच्छ पानी, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, साफ-सफाई एवं अन्य जरूरी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कर ली जाय।

7. **सामुदायिक रसोई :-**

| क्र0 | जिला का नाम | रसोई केन्द्र की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 291 |
| 2 | कटिहार | 627 |
| 3 | अररिया | 397 |
| 4 | किशनगंज | 220 |

समीक्षा के क्रम में सभी जिलों को निदेश दिया गया कि सभी चिन्हित सामुदायिक रसोई केन्द्रो पर स्वच्छ पानी, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, साफ-सफाई एवं अन्य जरूरी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कर ली जाय।

8. **पशु चारा का दर निर्धारण :-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि चारों जिला में पशु चारा संबंधी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है तथा कार्यदिश निर्गत है।

9. **नहर की मरम्मति :-**

| क्र0 | जिला का नाम | योजना की स्थिति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | अररिया जिला अन्तर्गत योजना से आच्छादित | कोशी मेची लिंक योजना के अन्तर्गत पूर्वी कोशी में नहर के 41.30 कि0मी0 तक के Renovation का कार्य सिचाई प्रमंडल, वीरपुर के द्वारा कराया जा रहा है। फेज-2 के अन्तर्गत 41.30 कि0मी0 से 117.50 कि0मी0 तक नया नहर का निमाण किया जाना है। दर स्वीकृति की प्रत्याशा में भू-अर्जन कार्य योजना प्रारंभ कर दिया गया है। |
| 2 | कटिहार | कुल योजना- 03 कार्यरत योजना- 03 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में चंदवा लघु नहर (प्रखंड कोढ़ा अधीन) में 6500 फीट नहर उड़ाही का कार्य। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सात निश्चत फेज-03 के तहत कटिहार वितरणी, सेमापुर उपवितरणी एवं बैजनाथपुर उपवितरणी तथा इससे निःसृत लघु नहरों का उड़ाही के निमित उड़ाही डी0पी0आर0 विभाग में समर्पित है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | अररिया | कुल योजना- 03 कार्यरत योजना- 03 | |
| 4 | किशनगंज | इस जिला में नहर नहीं है। | इस जिला में नहर नहीं है। |

समीक्षा के क्रम में सभी जिलों को निदेश दिया गया कि नहरों एवं तटबंधों का लगातार अनुश्रवण कराया जाय तथा संबंधित कार्यपालक/सहायक अभियंता को लगातार पेट्रोलिंग करते रहने का आदेश दिया जाय।

10. **वर्षा मापक यंत्र :-** समीक्षा के क्रम में सभी जिलों को निदेश दिया गया कि वर्षा मापक यत्रों को क्रियाशील रखेंगे तथा इससे संबंधित सूचनाओं का लगातार प्रसारण भी करते रहेंगे।
11. प्रमंडल अन्तर्गत चारों जिलों में पूर्व के वर्षों का सभी तरह के अनुदानों/अनुग्रह अनुदानों के भुगतान के लंबित मामलों का निष्पादन करने का निदेश दिया गया है।
12. कटाव पीड़ित परिवारों को यथाशीघ्र पुनर्वासित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनश्चित करेंगे।
13. प्रशिक्षित गोताखोड़ों की सूची उनके मोबाईल न0 के साथ प्रचारित करने एवं जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।
14. बिजली के क्षतिग्रस्त तारों, खम्भों की मरम्मति करने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल-पुलिया की साफ-सफाई एवं मरम्मति संबंधी कार्य ससमय पूर्ण कर लिये जाने का भी निदेश दिया गया।
15. **NDRF** एवं **SDRF** के टीमों को बाढ़ की स्थिति में अलर्ट मोड में रखन का निदेश संबंधित जिला पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही नियमित रूप से अंचल, पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिविर लगाने तथा मॉकड्रील कराने का निदेश दिया गया।
16. प्रमंडल क जिलों में तटबंध से अतिक्रमण शीघ्र हटाने का निदेश दिया गया, ताकि तटबंधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।
17. प्रमंडल के चारों जिलों में आपातकालीन नियंत्रण कक्ष **24x7** सुचारू रूप से कार्य करे इसे अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय।

---

**अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

**आयुक्त,**
**पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया**

ज्ञापांक 3653 ........ पूर्णिया, दिनांक 25.07.2026

प्रतिलिपि :- अपर समाहर्त्ता, आपदा, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उप विकास आयुक्त, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**आयुक्त,**
**पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया**

ज्ञापांक 3653 ........ पूर्णिया, दिनांक 25.07.2026

पतिलिपि :- सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

**आयुक्त,**
**पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया**